तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 18. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 15 नवंबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

हर बच्चे को शिक्षा, न्याय और सुरक्षा का अधिकार : सिंह

4



खबर संक्षेप

खोखरा के बीरसागर मोहल्ला में श्याम कार्तिक महोत्सव आज से

जांजगीर-चांपा। जांजगीर के समीप स्थित ग्राम खोखरा के वीरसागर मोहल्ला में भगवान श्याम कार्तिक की पूजा स्थापना और भव्य 'नाग लीला महोत्सव' का आयोजन पूरी धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों और मोहल्लेवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए ग्राम के आचार्य पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत आगामी 15 नवंबर रविवार की शाम भगवान श्याम कार्तिक की स्थापना पूजा के साथ होगी। इसके पश्चात, महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में 24 नवंबर मंगलवार को 'नाग लीला महोत्सव' का विशेष कार्यक्रम संपन्न होगा। मेले और महोत्सव के इस भव्य आयोजन का समापन 25 नवंबर बुधवार को हवन और पूर्णाहुति के साथ होगा। समिति के आचार्य पंडित दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया कि अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे भव्य महाआरती की जाएगी एवं प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। तुलसी विवाह के दिन विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ तुलसी पूजन भी होगा प्रतिदिन सभी भक्त महाआरती में उपस्थित होकर आरती का आनंद लेंगे।

कबीर धाम को गंदगी व नशेड़ियों से बचाने उतरी मानिकपुरी महिला समाज की महिलाएं

चांपा। आस्था के प्रमुख केंद्र और ऐतिहासिक धरोहर 'कबीर धाम' की गरिमा और पवित्रता को बनाए रखने के लिए 'महतारी सेवा समिति मानिकपुरी महिला समाज ने परिसर में लगातार फैल रही गंदगी और असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि आस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महतारी सेवा समिति की महिलाएं पिछले दो वर्षों से निरंतर निस्वार्थ भाव से कबीर धाम की सेवा, साफ-सफाई और संरक्षण के कार्य में जुटी हुई हैं। धार्मिक स्थल पर इस तरह की हरकतों से न केवल वातावरण दूषित हो रहा है, बल्कि समाज के लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। समिति की सदस्यों के अथक प्रयासों से धाम परिसर को संवारने का काम किया जा रहा है, लेकिन कुछ स्थानीय लोगों और असामाजिक तत्वों की लापरवाही इस मुहिम पर पानी फेर रही है। समिति ने प्रशासन और आम नागरिकों से भी इस पवित्र धरोहर की मर्यादा बनाए रखने में सहयोग की अपील की है, साथ ही नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही है।

18 तक मनाया जाएगा जनजातीय गौरव सप्ताह, होंगे विविध कार्यक्रम

सक्ती। शासन के निर्देशानुसार 11 नवम्बर से 18 नवम्बर तक जनजातीय गौरव सप्ताह मनाया जाना है। उक्त अवधि में जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय आयोजन के संबंध में शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में जनजातीय गौरव ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित होगी। प्रथम श्रेणी में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों के विद्यार्थी शामिल होंगे।

श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ 18 से, हो रही तैयारी

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड श्री राम नाम जप सप्ताह महा यज्ञ का आयोजन बुधवार 18 नवंबर को शुभारंभ किया जाएगा। सीताराम राधेश्याम का जाप लगातार एक सप्ताह तक चलेगा। जिसका समापन 25 नवंबर बुधवार को होगा। आयोजन को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा तैयारी की जा रही है।

जिले के 134 उपार्जन केंद्रों पर 1.28 लाख किसान बेचेंगे धान

आधी-अधूरी तैयारी के बीच धान खरीदी आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो रही है, जो 15 जनवरी 2027 तक चलेगी, लेकिन खरीदी शुरू होने के पहले केंद्रों की तैयारी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि अधिकांश जगहों पर फड़ की सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं अभी आधी-अधूरी बताई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर खेतों में फसल तैयार होने में भी अभी कम से कम महीना दिन का समय लगने की बात किसान कह रहे हैं।

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत हो रही है, जो 15 जनवरी 2027 तक चलेगी, लेकिन खरीदी शुरू होने के पहले केंद्रों की तैयारी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि अधिकांश जगहों पर फड़ की सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं अभी आधी-अधूरी बताई जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर खेतों में फसल तैयार होने में भी अभी कम से कम महीना दिन का समय लगने की बात किसान कह रहे हैं।

सीसी कैमरे से होगी निगरानी

मार्कफेड द्वारा जिले के सभी 134 उपार्जन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से केंद्रों की सतत निगरानी की जाएगी, अंतरजिला अवैध धान की आवक पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा 3 स्थान निर्धारित किए गए हैं, जहां चेकपोस्ट के माध्यम से निगरानी की जाएगी।





बिर्रा क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में शनिवार को घास फूस की सफाई करते मजदूर।

31 क्विंटल से काम धान देने पर भी मिलेगा पूरा बोनस

किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, अब निर्धारित अधिकतम मात्रा से कम धान बेचने वाले किसानों को भी प्रति एकड़ के मान से एकसमान 13 हजार 839 रुपए की आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी, यदि कोई किसान प्रति एकड़ निर्धारित अधिकतम 21 क्विंटल से कम मात्रा में धान उपार्जन के लिए उपलब्ध कराता है, तब भी उसे प्रति एकड़ के मान से आदान सहायता राशि का लाभ मिलेगा, जिसे कृषक उन्नति योजना के तहत दिया जाएगा।

आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के निर्देश

कलेक्टर के निर्देशन में जिले के सभी 134 उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का 36 बिंदुओं की विस्तृत चेकलिस्ट के आधार पर परीक्षण एवं सत्यापन किया गया है। केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं, तकनीकी संसाधनों, तौल व्यवस्था, बारदानों की उपलब्धता, मानव संसाधन और धान के सुरक्षित भंडारण सहित प्रत्येक महत्वपूर्ण पहलू, केंद्रों में फेंसिंग, विद्युत आपूर्ति, कंप्यूटर, प्रिंटर, यूपीएस, जनरेटर अथवा इन्वर्टर तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। धान की सही एवं पारदर्शी तौल के लिए इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, कांटा-बांट, बायोमेट्रिक उपकरण तथा आर्द्रतामापी यंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने को कहा गया है। किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

लघु सीमांत को एक व दो, दीर्घ कृषक कटवा सकते है 3 टोकन

धान खरीदी के लिए 'तुहर टोकन' मोबाइल एप के माध्यम से टोकन जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लघु कृषकों को एक तो सीमांत किसानों को दो टोकन जारी किए जाएंगे। दीर्घ कृषक तीन टोकन कटवा सकते है। कुल टोकन में से 70 प्रतिशत मोबाइल एप के माध्यम से तथा 30 प्रतिशत संबंधित उपार्जन केंद्रों से जारी किए जाएंगे, कृषि भूमि के रकबे के आधार पर किसानों को टोकन देने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ तक कृषि भूमि वाले किसानों को 1 टोकन जारी किया जाएगा। इसी प्रकार 2 से 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को धान बेचने के लिए दो टोकन जारी किए जाएंगे। वहीं 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को 3 टोकन जारी किए जाने का प्रावधान है।

कलेक्टर ने डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का किया औचक निरीक्षण

सक्ती। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन एवं सतत निगरानी के लिए जिला विपणन कार्यालय में बनाए गए डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने शनिवार 14 नवंबर को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल सेंटर के माध्यम से धान खरीदी केंद्रों की गतिविधियों, खरीदी व्यवस्था एवं संबंधित कार्यों की निगरानी के संबंध में जानकारी ली। डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के संपर्क नंबर 07757-233162 पर जिले के किसान धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कंट्रोल सेंटर की भूमिका के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कंट्रोल सेंटर के सुचारू संचालन एवं धान खरीदी व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के लिए तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि 24 घंटे सतत निगरानी रखी जा सके और धान खरीदी के दौरान सामने आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। इस दौरान अपर कलेक्टर के एस पैंकरा, नव पदस्थ डी एम ओ रमेश लहरे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का उद्देश्य जिले में धान खरीदी व्यवस्था की सतत निगरानी करते हुए अवैध धान परिवहन एवं धान की रिसाइक्लिंग पर रोकथाम, चेक पोस्ट की मॉनिटरिंग तथा किसानों की समस्याओं की निगरानी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों से सुगमता से धान खरीदी की जा सके।



दिनदहाड़े लूट करने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन हंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में दिन दहाड़े घर घुसकर लूट की वारदात को अंजाम देने वालों का 24 घंटे के बाद भी सुराग नहीं लग सका है। आरोपियों की धरपकड के लिए ऑपरेशन हंट चलाया जा रहा है। एसपी ने इसके लिए एएसपी के नेतृत्व में 8 सदस्यों की स्पेशल टीम गठित की है।

जांजगीर के वार्ड क्रमांक 23 निवासी अविनाश द्विवेदी के मकान से 13 नवंबर को दिन दहाड़े लूट की वारदात हुई। दो नकाबपोश युवकों ने घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर और नगदी समेत 10 लाख का माल पार कर दिया। जिस वक्त यह वारदात हुई, उस समय घर में अविनाश की पत्नी अकेली थी। लूटेरों ने महिला के साथ मारपीट भी की। इसके बाद जेवर और नगदी लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और जांच शुरू की लेकिन शुरूआती जांच में कोई सुराग नहीं लग सका। ऐसे में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। इसके अलावा संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ भी की लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं लग सका। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने लुटेरों की पतासाजी और धरपकड़ के लिए ऑपरेशन हंट शुरू किया है। इसके लिए विशेष टीम गठित की गई है। एएसपी युलैंडन यार्क के नेतृत्व में 8 सदस्यों की टीम बनाई गई है। टीम में सीएसपी योगिताबाली खापर्डे, उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्रीमती सतरूपा तारम, सिटी कोतवाली प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता, नैला चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र वैष्णव, चांपा थाना प्रभारी कमलेश सेण्डे, बलौदा थाना प्रभारी मनोहर लाल सिन्हा, सायबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा, पुलिस सहायता केन्द्र करही के प्रभारी रामप्रसाद बघेल शामिल है। टीम द्वारा ऑपरेशन हंट चलाकर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।



जांच में जुटी पुलिस टीम।

मामूली विवाद पर प्राणघातक हमला करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। गाड़ी पर बैठने के मामूली विवाद पर चाकू और चैन से प्राणघातक हमला करने वाले 16 माह से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपी के घर आने की सूचना पर तत्काल टीम गठित कर निवास पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अमन सारथी ने 6 अगस्त 2025 को थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सिंघानिया पेट्रोल पंप के पास अपने गांव के गोलू उर्फ विजय से मिलने व पेट्रोल डलवाने के लिए गया था। उसी समय रेलवे कालोनी अकलतरा निवासी प्रिंस कुमार ध्रुव व उसके अन्य साथियों के साथ विवाद हो गया। विवाद बढने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 109(1), 3(5), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना की। इस दौरान 9 आरोपियों में से 8 आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन प्रिंस कुमार ध्रुव फरार हो गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसके निवास पर दबिश देकर गिरफ्तारी की। गिरफ्तार करने के बाद उसे 14 नवंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर अव्यवस्था बेतरतीब वाहन खड़ी होने से रास्ता बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर अव्यवस्था से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने ही बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग की जा रही है। इससे स्टेशन के अंदर प्रवेश करने में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

- रेल प्रशासन से नो पार्किंग का पालन कराते हुए व्यवस्था सुधारने की मांग

स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर फैली अव्यवस्था इन दिनों रेल यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गई है। स्टेशन के गेट के ठीक सामने दुपहिया वाहनों और ऑटो चालकों द्वारा बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े कर दिए जाने के कारण आवागमन का रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। सुबह के समय जब ट्रेनों के आने-जाने का दबाव अधिक रहता है, तब स्थिति और भी विकट हो जाती है। रास्ता बंद होने के कारण यात्रियों को स्टेशन के भीतर प्रवेश करने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। सबसे अधिक कठिनाई उन महिला यात्रियों, बुजुर्गों और परिवारों को हो रही है, जिनके साथ भारी सामान होता है। संकरी जगह और वाहनों की भीड़ के बीच से सामान लेकर गुजरना न केवल असुविधाजनक है, बल्कि इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। नियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने इस गंभीर समस्या की ओर रेलवे अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार करने की मांग की है। यात्रियों की मांग है कि स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने 'नो-पार्किंग' जोन का सख्ती से पालन कराया जाए और ऑटो व दुपहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करवाया जाए, ताकि यात्रियों का आवागमन सुगम हो सके।



स्टेशन के मेन गेट के सामने बेंतरतीब ढंग से खड़े वाहन।

छठ घाट सज-धजकर तैयार, पारंपरिक गीतों के साथ होगी पूजा

खरना पूजा के साथ 36 घंटे का व्रत शुरु, अस्ताचलगामी सूर्य को आज दिया जाएगा पहला अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सूर्य उपासना का महापर्व छठ शुक्रवार 13 नवंबर को नहाय-खाय के साथ प्रारंभ हुआ। पर्व के दूसरे दिन शनिवार 14 नवंबर को व्रतियों ने गुड़, चावल का प्रसाद लेकर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया। पूजा के तीसरे दिन रविवार 15 नवंबर को अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। इसको लेकर सरोवर और नदी-तालाबों के किनारे घाट पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

गौरतलब है कि जिले में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वांचल एवं भोजपुरी समाज के लोगों द्वारा सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार 14 नवंबर को व्रतियों ने खरना मनाया। इस दौरान गुड़, चॉवल से बने प्रसाद अथवा खीर dका प्रसाद लेकर 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ कर दिया है। खरना के बाद तीसरे दिन रविवार 15 नवंबर को शाम के समय छठ घाट पर डूबते हुए सूरज को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं सोमवार 20 नवंबर को ब्रम्ह मुहूर्त में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे।



पूजा के लिए सजकर तैयार लछनपुर स्थित छठ घाट।

आज दिया जावेगा अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य

चांपा। स्थानीय भोजपुरी समाज की जांजगीर चाम्पा जिला इकाई के तत्वाधान में मनाये जा रहे महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार 14 नवंबर को छठव्रतियों ने खरना पूजा की। रविवार 15 नवंबर को व्रतियों द्वारा उपवास रखकर शाम को डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जायेगा। भोजपुरी समाज के द्वारा यहां सूर्य छठ महाव्रत पूजा महोत्सव का आयोजन सायं 4 बजे से अर्घ्य एवं गंगा महाआरती का आयोजन क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य तथा विधायक जांजगीर चाम्पा व्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, जिपं उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिपं सभापति राजकुमार साहू, अध्यक्ष नपा जांजगीर श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, अध्यक्ष नपा चाम्पा प्रदीप नामदेव, इंटक प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भाजपा नेता कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, अमर सुल्तानिया, इंजी. रवि पाण्डेय, सरपंच लछनपुर गेंदराम कुर्रे और भाजपा नेता पुरुषोत्तम शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हैं। समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह एवं जिलाध्यक्ष सुशील सिंह सहित छठ पूजा आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की हैं।

गौठान में चारा-पानी की कमी से काल के गाल में समा रहे गौवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

नगर पंचायत सारागांव के गौठान में पशुओं के लिए चारा और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पर्याप्त चारा-पानी नहीं मिलने के कारण गौठान में रखे गाय-बछड़ों की मौत हो रही है और जगह जगह कंकाल बिखरे पड़े हुए हैं।

एक माह के अंतराल में करीब 15 से 20 गायों की मौत होने का दावा किया जा रहा है। इस मामले को लेकर गौठान की व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी सक्ती जिला उपाध्यक्ष भुवन भास्कर यादव, भाजयुमो मंडल सारागांव के धरमजीत सिंह राठौर, नगर पंचायत सारागांव के एल्डरमैन केशव करियारे तथा वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद भारती रामगोपाल यादव ने गौठान की व्यवस्थाओं को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि गौठान में पशुओं के लिए नियमित रूप से पर्याप्त चारा और पानी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। व्यवस्था में कमी के कारण पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।



खबर संक्षेप

कटघोरा में बनेगा अखबार वितरण संघ का भवन, विधायक ने 15 लाख की घोषणा

कोरबा। कटघोरा विकासखंड में अखबार वितरक संघ का नया भवन बनाया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा 15 लाख रुपए देने की घोषणा जिला इकाई के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की गई। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित श्री पटेल ने अखबार वितरक संघ के सदस्यों की मांग पर भवन के लिए राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अखबार वितरण का काम किसी चुनौती से कम नहीं है, बरसात हो गर्मी या ठंड हो धूप हो छाव सभी परिस्थितियों में अखबार वितरक संघ समय पर अखबार पहुंचाते हैं और सुबह देश दुनिया का हाल चाल अखबार से मिलता है। श्री पटेल ने कहा कि अखबार सभी व्यक्ति को अखबार पढ़ना चाहिए। इसमें समाचार के साथ साथ ज्ञानवर्धक बातें पढ़ने को मिलती है। इस अवसर पर संघ के सदस्य उपस्थित थे।

भगवान सहस्त्रबाहु जयंती पर धार्मिक आयोजन

कोरबा। कलचुरी–कलार समाज के आराध्य देव, शौर्य, पराक्रम, न्याय और धर्म के प्रतीक भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जी की जयंती के पावन अवसर पर कोरबा में इस वर्ष भव्य धार्मिक एवं सामाजिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सर्ववर्गीय जायसवाल–कलार समाज, कोरबा, युवा सभा एवं महिला सभा के संयुक्त तत्वावधान में 16 नवंबर को भगवान श्री सहस्त्रबाहु की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकजुटता के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जयंती समारोह को लेकर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उत्साह और तैयारियां की जा रही हैं। इस आयोजन में कोरबा शहर के साथ-साथ जिले के कटघोरा, पाली, दीपका, बालको, जमनीपाली सहित विभिन्न ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों से बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं के शामिल होने की संभावना है।

मतदाता जागरूकता पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित

कुसमुण्डा। मतदाताओं को मतदान के प्रति शिक्षित व जागरूक करने जिलाभर में प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में राजा गुरु बालक दास स्वामी आत्मानंद विद्यालय कुसमुण्डा के प्राचार्य लक्ष्मीकांत साहू के निर्देशानुसार विद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे के नेतृत्व में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं मतदान में सहभागिता विषय अंतर्गत निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध प्रतियोगिता में कुमारी किरण कंवर कक्षा 12वीं एवं सिद्धार्थ कुमार कक्षा 11 वीं ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नीलिमा कंवर कक्षा 12वीं, आस्था पटेल, रिया मंडल एवं देविका यादव कक्षा नवमी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में व्याख्याता जगेश्वर राम भगत, हवेल सिंह अघरिया, प्रियंका मिश्रा उपस्थित रहे।

श्रीजलाराम बापा की 227वीं जयंती पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

कोरबा। श्री जलाराम बापा की 227वीं जयंती 16 नवंबर को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर श्री दक्षिणी परिवार के संयोजन में श्री जलाराम मंदिर में विविध धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयंती समारोह के तहत सुबह से देर रात तक पूजा-अर्चना, भव्य शोभायात्रा, सम्मान समारोह और महाप्रसाद का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे श्री जलाराम मंदिर में बापा के अभिषेक एवं पूजन के साथ होगी। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर स्थित डैक्सी रेस्टो से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा ट्रांसपोर्ट नगर चौक से होते हुए श्री जलाराम मंदिर पहुंचेगी।

जिला स्तरीय जांच कमेटी उड़नदस्ता टीम का गठन

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत धान खरीदी अवधि के दौरान धान खरीदी से संबंधित समस्त कार्यों की मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तरीय जांच कमेटी एवं उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जांच कमेटी एवं उड़नदस्ता टीम में अपर कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, खाद्य अधिकारी घनश्याम सिंह कंवर, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्रीमती मिंज, जिला विपणन अधिकारी ऋतुराज देवांगन, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम बजरंग कसेर, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर, जिला क्षेत्र कोरबा सुशील कुमार जोशी और मंडी सचिव कृषि उपज मंडी कटघोरा नारायण पटेल शामिल हैं।

थानों में जब्त किए गए मादक पदार्थों को 23 को किया जाएगा नष्ट

कोरबा। एनडीपीएस के प्रकरणों में नष्टीकरण हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण कर थाना के द्वारा नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची तथा मूल प्रपत्र समिति को प्रस्तुत की गई है। जिसके अन्तर्गत नष्टीकरण योग्य 29 प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थ शामिल है। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों को 23 नवम्बर को प्रातः 11 बजे बाल्को पावर प्लांट के भट्ठी में विधिवत जलाकर नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त तिथि को चयनित स्थल में गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के सदस्यों के समक्ष पंचनामा तैयार कर की जाएगी।

जिले में 10 साल बाद बनेंगे धान संग्रहण केंद्र, उरगा और कटघोरा में मिली जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के धान किसानों और सहकारी समितियों के लिए एक बड़ी और राहतभरी खबर सामने आई है। लगभग 10 साल के लंबे अंतराल के बाद कोरबा जिले में नए धान संग्रहण केंद्र फिर से खुलने जा रहे हैं। इसके लिए प्रशासन द्वारा उरगा और कटघोरा में उपयुक्त भूमि का चयन कर लिया गया है। इस पहल से समितियों में धान के अत्यधिक भंडारण और जाम रहने की पुरानी समस्या से स्थायी रूप से निजात मिलेगी।

अलग खबर

जिले में लंबे समय से नए संग्रहण केंद्र न होने के कारण धान के उठाव और भंडारण में काफी प्रशासनिक दिक्कतें आती थीं, जिसे अब दूर कर लिया गया है। शासन-प्रशासन के प्रयासों से धान के सुव्यवस्थित रखरखाव और परिवहन के लिए उरगा तथा कटघोरा क्षेत्र में जमीन आवंटित कर दी गई है, जिससे धान भंडारण व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अभी तक समितियों (पैक्स) में धान की खरीदी के बाद जगह कम पड़ने और उठाव में देरी से धान जाम होने की समस्या बनी रहती थी, जिससे नए संग्रहण केंद्र खुलने से समितियों को बड़ी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जिले में बरपाली और डोंगराभाटा (डोंगरीभाटा) क्षेत्र में धान संग्रहण केंद्र संचालित हुआ करता था, जिसके बंद होने के बाद से किसानों और समितियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नए संग्रहण केंद्र शुरू होने से धान खरीदी के दौरान उपज के सुरक्षित रखरखाव, त्वरित उठाव और उपार्जन केंद्रों में सुचारू प्रबंधन में आसानी होगी। इससे न केवल धान सुरक्षा बेहतर होगी बल्कि तय समयसीमा के भीतर मिलिंग और परिवहन कार्य को भी गति मिल सकेगी।

समितियों में धान जाम होने की समस्या से मिलेगी बड़ी राहत

खास बातें

- पहले बरपाली के डोंगरीभाठा में बनाया जाता था संग्रहण केंद्र
- उठाव में होती है परेशानी



केंदई रेंज के सीमा से लगभग 15 किमी की दूरी पर मौजूद था कबरा हाथी

कबरा हाथी को लेकर कटघोरा वनमंडल अलर्ट मोड पर, एक दर्जन हाथी डाले हुए हैं डेरा



वन विभाग की टीम एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले उदयपुर के जंगल में डेरा डाले खूंखार कबरा हाथी की दहशत को देखते हुए जिले का कटघोरा वनमंडल पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। उदयपुर क्षेत्र में कबरा हाथी अब तक कई लोगों की जान ले चुका यह हाथी कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज की सीमा के बेहद करीब पहुंच गया है। इसके संभावित प्रवेश की आशंका के चलते वन विभाग की टीम दिन-रात सीमावर्ती इलाकों में गश्त कर रही हैं।

केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कबरा हाथी वर्तमान में केंदई रेंज के बॉर्डर से महज 10 से 15 किमी की दूरी पर विचरण कर रहा है। हाथी के आक्रामक व्यवहार को देखते हुए विभाग किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता। यह हाथी कभी भी कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में प्रवेश कर सकता है, जिसे लेकर पूरे अमले को सतर्क कर दिया गया है। रेंजर अभिषेक दुबे के अनुसार, हाथी की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिन संभावित रास्तों से हाथी के केंदई रेंज में दाखिल होने की आशंका है, वहां वन विभाग की टीमें सुबह से लेकर देर रात तक तैनात हैं। साथ ही सीमा से लगे ग्रामीण इलाकों में भी मुनादी कराकर लोगों को जंगल की ओर न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। दूसरी ओर, उदयपुर के जंगलों में कबरा हाथी को काबू करने के लिए विशेषज्ञों की टीम कुमकी प्रशिक्षित हाथियों की मदद से लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है। जब तक हाथी को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू नहीं कर लिया जाता, तब तक कटघोरा वनमंडल में हाई अलर्ट जारी रहेगा।

केंदई रेंज में 13 हाथी कर रहे हैं विचरण

कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। मौजूदा स्थिति में वनमंडल के केंदई रेंज में कुल 13 हाथी विचरण कर रहे हैं। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन 13 हाथियों में से 12 हाथी एक ही झुंड में साथ रहकर जंगल में घूम रहे हैं, जबकि एक दंतैल हाथी झुंड से अलग होकर लालपुर क्षेत्र में विचरण कर रहा है। एक दंतैल हाथी के अलग घूमने के कारण ग्रामीणों और वन अमले की चिंता बढ़ गई है। किसी भी प्रकार की जनहानि और फसल नुकसान को रोकने के लिए वन विभाग की टीम पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। विभागीय कर्मचारी और हाथी मित्र दल लगातार हाथियों के मूवमेंट पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है और जंगल की ओर न जाने की समझाइश दी जा रही है, ताकि समय रहते किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

सड़क कनेक्टिविटी को मिलेगी नई राह जिलेवासियों का आवागमन होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चांपा की ओर जाने वाले जिलेवासियों को लंबे समय से आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब उरगा से सीतामणी तक 9.40 किलोमीटर सड़क निर्माण को 34 करोड़ 33 लाख 4 हजार 635 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से इस मार्ग पर बेहतर आवागमन की उम्मीद जगी है। सड़क बनने से कोरबा की बिलासपुर-उरगा-हाटी भारतमाला मार्ग से कनेक्टिविटी मजबूत होगी और चांपा रेलवे स्टेशन सहित चांपा की ओर जाने वाले मार्गों तक पहुंचना अधिक सुविधाजनक होगा।



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं एसडीएम

खास बात

- उरगा-सीतामणी और गौमाता चौक-रेलवे स्टेशन मार्गों को मिली स्वीकृति

शहर के भीतर आवाजाही आसान बनाने के लिए गौमाता चौक से रेलवे स्टेशन तक लगभग 2.90 किलोमीटर सड़क निर्माण को भी 13 करोड़ 13 लाख 62 हजार 678 रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस मार्ग से रेलवे स्टेशन और गौमाता चौक के बीच आवागमन सुगम होगा। सीतामढ़ी और इमलीडुग्गू रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले लोगों को भी बेहतर मार्ग उपलब्ध होने की उम्मीद है। इससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को रोजमर्रा के आवागमन में राहत मिलेगी। दोनों सड़क परियोजनाओं पर कुल 47 करोड़ 46 लाख 67 हजार 313 रुपये खर्च होंगे। इनके निर्माण से कोरबा की बाहरी कनेक्टिविटी और शहर के भीतर यातायात, दोनों को मजबूती मिलेगी। लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की जरूरत महसूस कर रहे नागरिकों के लिए ये स्वीकृतियां सुगम और सुविधाजनक आवागमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जी.आर. जांगड़े ने बताया कि दोनों सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत प्रक्रिया के अनुसार निर्धारित गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का पालन करते हुए कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन मार्गों के बनने से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन तथा कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन और समन्वय से इन विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। एसईसीएल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की 392वीं बैठक में प्रशासनिक सहमति के बाद जिला प्रशासन और एसईसीएल के बीच 9 अक्टूबर को एमओयू निष्पादित किया गया। दोनों मार्गों का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जाएगा।

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, पेड़ से टकराने के बाद उड़े परखच्चे, युवक की मौत, एक घायल



क्षतिग्रस्त स्कार्पियो वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा-बांकीमोंगरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शुक्लाखार चौक के आगे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के समय स्कॉर्पियो में 18 वर्षीय रूपेश पटेल पिता दिलीप पटेल निवासी चाकाबुड़ा और उसका साथी आर्यन गोंड निवासी बुंदेली सवार थे। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल कटघोरा अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने रूपेश पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं आर्यन गोंड की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और स्कॉर्पियो पेड़ से कैसे टकराई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, संभवना जतायी जा रही है कि रफ्तार की वजह से हादसा हुआ है।

कोयला लोड ट्रेलर पलटा

कुसमुंडा फोरलेन मार्ग स्थित बरमपुर मोड़ पर शुक्रवार शाम एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। कुसमुंडा से कोरबा की ओर जा रहा कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 7239 मोड़ पर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त चपेट में आने से बाइक सवार बाल-बाल बच गए, अन्यथा एक बड़ा जनहानि हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ माह पूर्व भी ठीक इसी स्थान पर इसी तरह कोयला लदा ट्रेलर पलटा था। भीड़भाड़ वाला इलाका होने के बावजूद भारी वाहनों के चालक मोड़ पर भी रफ्तार कम नहीं करते।



सीएसईबी का 56 हजार रुपए गबन करने वाला कर्मी गिरफ्तार

कोरबा। विद्युत वितरण विभाग में कर्मचारियों की राशि गबन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। विद्युत वितरण विभाग में पदस्थ तत्कालीन कार्यपालन अभियंता शत्रुहन कुमार सोनी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पतासाजी के दौरान सीएसईबी कॉलोनी के मकान नंबर एसई/522 निवासी हरीश कुमार साहू पिता स्व. अंजोर साय, उम्र 35 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी द्वारा संभागीय कार्यालय स/सं संभाग कोरबा, तुलसीनगर में लाइन परिचालक के पद पर कार्यरत रहते हुए कर्मचारी की ग्रेच्युटी, दीपावली बोनस एवं अनुग्रह राशि कुल 56 हजार 65 रुपए को आरटीजीएस के माध्यम से अपने खाते में ट्रांसफर कर गबन करना स्वीकार किया गया।

एक दिवसीय अवकाश पर रहे जिले के तहसीलदार, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के सभी तहसीलदार प्रदेश संघ के आहवान पर शुक्रवार को एक दिवसीय अवकाश पर रहे जिससे सभी तहसीलों में कामकाज प्रभावित हुआ। बीते एक माह से पटवारी हड़ताल पर चल रहे हैं जिससे पहले ही महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाने का काम ठप्प पड़े हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा शुक्रवार को प्रदेशव्यापी एक दिवसीय अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया। इस कड़ी में जिले के सभी तहसीलों के तहसीलदार एक दिवसीय अवकाश पर चले गए जिससे तहसीलों में होने वाले राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की तिथि आगे बढ़ गई वहीं अन्य प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हुई। जिले में अवकाश पर जाने के साथ प्रदेश कोषाध्यक्ष तहसीलदार बजरंग साहू के नेतृत्व में जिले के कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिनमें डिजिटल सर्वे एवं धान रकबे का सुधार कृषक उन्नति योजना में पात्र किसानों के हितों का संरक्षण वैकल्पिक गिरदावरी के सत्यापन की व्यवस्था, एग्रीस्टेक एवं किसान पंजीयन की समस्याओं के समाधान, पीवी एप्प के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश पटवारियों के हड़ताल से प्रभावित कार्यों की वैकल्पिक व्यवस्था, सर्वेयरों के लंबित भुगतान, लोक सेवा गारंटी के निराकरण में प्रशासनिक व्यवस्था, राजस्व अधिकारियों की सुरक्षा एवं प्रशानिक गरिमा, अनुचित कार्यों से संरक्षण आदि मांगे शामिल थी।



ज्ञापन सौंपते तहसीलदार।

खास बात

- 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी एक दिवसीय अवकाश पर जाने का सौंपा गया ज्ञापन

सांभर में कीड़ा मिलने के मामले में हुई कार्रवाई

मुरली होटल का लाइसेंस दो दिन के लिए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मीडिया में प्रसारित वीडियो के आधार पर सांभर में कीड़ा मिलने की घटना की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी विकास कुमार भगत ने कटघोरा स्थित मुरली होटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांभर का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार होटल में मिठाई, नमकीन एवं अन्य खाद्य पदार्थ बनाने की प्रक्रिया अत्यंत अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में संचालित पाई गई। खाद्य पदार्थों को उठाने-धरने वाले कर्मचारियों का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया था। फर्श और दीवारों पर तेल के कारण चिकनाई पाई गई। कर्मचारियों द्वारा हाथों को संक्रमणरहित किए बिना तथा काम के दौरान एप्रन और दस्तानों का उपयोग किए बिना खाद्य पदार्थों का काम किया जा रहा था। बर्तन धोने के स्थान पर जूते बिखरे मिले और कूड़ेदान बिना ढक्कन के खुले पाए गए। इन कमियों को खाद्य कारोबार के लिए जारी अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन मानते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस्ट्रेशन) विनियम, 2011 की अनुसूची-4 के तहत मुरली होटल का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 13 से 14 नवंबर तक दो दिनों के लिए निलंबित किया गया है। इस अवधि में होटल पूर्णतः बंद रहेगा। इसी प्रकार, कटघोरा स्थित शारदा स्वीट्स में अस्वच्छ परिस्थितियां पाए जाने पर उसका लाइसेंस भी पांच दिनों के लिए निलंबित किया गया है। खाद्य प्रतिष्ठानों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।



कार्रवाई करती खाद्य विभाग की टीम।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810



'आवारा पागल दीवाना 2' की शूटिंग जल्द होगी शुरू

मुंबई। साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारा पागल दीवाना' का सीक्वल बनने जा रहा है। अभिनेता सुनील शेट्टी ने फैंस को यह खुशखबरी दी है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा, 'फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, इस पर काम जारी है। उन्होंने कहा, 'मैंने बॉर्डर 2 में भी काम किया है। मैं उसमें सिर्फ एक सीन में था, लेकिन मैं इसे एक सफलता मानता हूं क्योंकि आखिरकार यह हमारी फ्रेंचाइज बन गई है। जिस तरह से चीजें आगे बढ़ रही हैं, उससे मैं बहुत खुश हूं।

लाइफ Style

श्रुति

अपनी पसंद छिपाने की जरूरत नहीं होनी चाहिए

एजेंसी : नई दिल्ली

अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी फिल्मों के साथ-साथ बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपनी निजी जिंदगी और पसंद-नापसंद पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने कॉस्मेटिक सर्जरी और शराब पीने की आदत को लेकर कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिनकी चर्चा हो रही है।

अभिनेत्री ने साफ कहा कि उन्हें अपने कॉस्मेटिक प्रोसीजर के बारे में छिपाने या झूठ बोलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह लगातार आठ साल तक शराब से पूरी तरह दूर रही थीं। हालांकि, बाद में उन्होंने दोबारा शराब पीना शुरू कर दिया। श्रुति ने ये बातें नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में बातचीत के दौरान साझा कीं। शो में बातचीत के दौरान श्रुति हासन ने कॉस्मेटिक प्रोसीजर को लेकर अपनी सोच स्पष्ट की। उनका मानना है कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में फैसले लेने की पूरी आजादी होनी चाहिए। अगर कोई अपनी पसंद से कॉस्मेटिक सर्जरी या किसी दूसरे प्रोसीजर का सहारा लेता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। हालांकि, उन्हें यह समझ नहीं आता कि लोग इसके बारे में सच बताने से क्यों बचते हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं इन चीजों के बारे में बहुत सोच-समझकर बात करती हूं, लेकिन मैं लोगों के सामने बड़ी हुई हूं और ऐसे में इस बारे में झूठ बोलना बेवकूफी होगी।' उन्होंने आगे कहा कि कुछ लोग अपने लुक में बदलाव के बावजूद दावा करते हैं कि वे हमेशा से ऐसे ही दिखते थे। श्रुति के मुताबिक जब बदलाव साफ नजर आ रहा हो तो इस तरह की बातें करना अजीब लगता है।



हॉलीवुड मसाला



फ्रेंच फिल्म अकादमी देगी 'मानद सीजर अवार्ड'

लॉस एंजिल्स। फ्रेंच अकादमी ने गुरुवार को घोषणा की कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन को 52वें सीजर अवार्ड समारोह में 'मानद सीजर अवार्ड' दिया जाएगा। फ्रेंच अकादमी ने बताया कि 'बिग लिटिल लाइज' की अभिनेत्री को यह सम्मान 25 फरवरी, 2027 को होने वाले समारोह में दिया जाएगा। फ्रांस की राष्ट्रीय फिल्म अकादमी की तरफ से सिनेमा जगत में आजीवन उपलब्धियों और योगदान के लिए दिया जाने वाला एक मशहूर अवॉर्ड है।



मैदान के बाद अब पर्दे पर दिखेंगे फुटबॉलर

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपना लोहा मनवा चुके पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब एक नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। फुटबॉल के मैदान पर अपने शानदार खेल से करोड़ों लोगों का दिल जीतने वाले रोनाल्डो अब टीवी की दुनिया में भी नजर आएंगे। उन्होंने अपनी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' का ऐलान कर दिया है। खास बात यह है कि इस सीरीज में फुटबॉल की भी अहम भूमिका होगी। रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सीरीज की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्रिटिश प्रोड्यूसर और डायरेक्टर मैथ्यू वॉन के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने लिखा कि खुशखबरी! मेरी पहली टीवी सीरीज 'डे 1s' की शूटिंग शुरू हो गई है।



स्केरी पिक्चर का पहला लुक आया सामने

मुंबई। अभिनेता-निर्माता राणा दग्गुबाती ने आगामी हॉरर फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का पहला लुक सामने आया है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हॉरर कहानी पर आधारित होगी। फिल्म 'स्केरी पिक्चर' पर राणा दग्गुबाती ने एक बातचीत में कहा, 'स्केरी पिक्चर से शुरू करते हुए, हमारा लक्ष्य इस शैली से प्यार करने वाले फिल्म निर्माताओं के लिए निरंतर निर्माण सहायता और रिलीज के अवसर उपलब्ध कराना है। भारत हर शैली में विविधतापूर्ण है, और हॉरर भी इससे अलग नहीं है। हर क्षेत्र के अपने भय, अपनी कहानियां और उन्हें बताने के अपने तरीके हैं। हम हर उपशैली के लिए खुले हैं। मनोवैज्ञानिक, जीव-जंतु, हॉरर-कॉमेडी, सामाजिक हॉरर, या फिल्म निर्माता हमारे सामने जो भी नई कहानियां लेकर आएं।'फिल्म 'स्केरी पिक्चर' का निर्देशन रवि बाबू ने किया है।



कोमल ने शेयर कीं गोविंदा संग तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों से ज्यादा निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। पत्नी सुनीता आहूजा के साथ उनके रिश्ते और फिल्म 'रूपा' की को-स्टार कोमल रानी स्वर्णकार के साथ उनकी नजदीकियों को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। इस बीच अब रानी ने सोशल मीडिया पर गोविंदा के साथ 'रूपा' की कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें दोनों की नजदीकियां एक बार फिर लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इन तस्वीरों में कहीं गोविंदा अभिनेत्री का हाथ थामे नजर आ रहे हैं, तो किसी में वह एक-दूसरे को देखते हुए पोज दे रहे हैं। रानी स्वर्णकार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'रूपा की सुंदर झलकियां।' बता दें कि तस्वीरों में गोविंदा व्हाइट ब्लेजर, काली पैंट और सनग्लासेस पहने नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



बिग बी ने की 'कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर वापसी

नई दिल्ली। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर अपने काम पर लौट आए हैं। पिछले महीने डॉक्टरों की सलाह पर आराम करने के लिए उन्होंने काम और सोशल मीडिया से कुछ समय का ब्रेक लिया था। इस दौरान उनकी सेहत को लेकर फैंस के बीच चिंता भी देखने को मिली। अब बिग बी ने लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के सेट पर वापसी कर ली है। शो के नए प्रोमो में उनकी झलक सामने आई है, जिसमें वह अपने चाहने वालों का शुक्रिया अदा करते हुए नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते हैं, 'उम्मीद है कि आप सबकी दिवाली बड़ी ही शानदार रही होगी। हमने भी अपनों के साथ दिवाली मनाई, लेकिन... और एक और घर भी तो है। केबीसी का यह मंच।' इसके बाद वह शो को अपना दूसरा परिवार बताते हैं। प्रोमो में हॉट सीट पर बैठे एक कंटेस्टेंट अमिताभ बच्चन से उनकी तबीयत के बारे में पूछते हैं। इस पर बिग बी अपने चिर-परिचित अंदाज में पहले कंटेस्टेंट का हालचाल पूछते हैं। जब कंटेस्टेंट बताता है कि वह ठीक है, तो अमिताभ मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'अगर आप ठीक हैं, तो हम भी ठीक हैं।'

आम्रपाली ने लव को जमकर फटकारा



नई दिल्ली। बीते दिनों 'बिग बॉस 20' में स्कॉउट ओपी और यंग डीएसए के बीच तगड़ा विवाद हुआ। इसके बाद लव गिल से किया मजाक स्काउट पर भारी पड़ा। इससे ओपी काफी आहत हैं। गेमर की यह हालत देखकर आम्रपाली दुबे और डीएसए ने लव पर कई आरोप लगाए, जिससे लव और आम्रापाली के बीच तीखी बहस हुई। 'बिग बॉस 20' के हालिया प्रोमो में स्कॉउट ओपी ने लव से हुए विवाद के बाद अपने सिर के बाद शेव कर दिए थे। इसके साथ ही वह भावनात्मक रूप से काफी टूट गए। उनकी यह हालत देख आम्रपाली दुबे और डीएसए ने इस सब का जिम्मेदार लव गिल को ठहराया। आम्रपाली ने लव से कहा कि वह स्काउट ओपी को पागल कर देंगी।

छठी मईया सुन ली से उठऊ सूरज देव तक, इन गानों के बिना अधूरा है छठ पर्व

नई दिल्ली। बिहार के साथ अब लगभग पूरे देश में छठ पूजा की जाती है। इस पावन अवसर पर हर तरफ छठी मैया के गाने गूंजते हैं। इस पर्व की अहमियत को देखते हुए बॉलीवुड ने भी गाने बनाने शुरू कर दिए हैं। हाल ही में दो फिल्मों में इसके गाने आए हैं।



बुलाए छठी मां- ये प्रेम मोल लिया

इस गाने में छठ पर्व के शानदार विजुअल दिखाए गए हैं। इसे आयुष्मा खुराना और शरवरी वाघ पर फिल्माया गया है। इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं। गाने को श्रेया घोषाल और केशव आनंद ने अपनी बेहतरीन आवाज दी है। इसे हिमेश रेशमिया ने कंपोज किया है।

छठ मईया की महिमा- द वन

सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ। इसमें छठ पूजा की छलक मिलती है। गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं। इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है।

पहिले पहिल हम कईनी छठी मईया बरत तुहार

शारदा सिन्हा छठ के गानों के लिए काफी मशहूर हैं। यह गाना उन्होंने ही गाना है। गाने में एक ऐसे जोड़े की कहानी दिखाई गई है।

बाल दिवस सेलिब्रेशन के लिए बेस्ट हैं बॉलीवुड के ये मशहूर गाने

नई दिल्ली। छोटा बच्चा जान के न कोई आंख दिखाना रे से लेकर लकड़ी की काठी तक ऐसे कई गाने हैं, जिन्हें सुनते ही बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं।

नन्हें मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है: साल 1954 में आयी फिल्म 'बूट पॉलिश' के इस गाने को आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने गाया है। जो एक भाई-बहन के संघर्ष और उसके बाद मिली खुशियों पर आधारित है। बाल दिवस के मौके पर इस गाने को स्कूल, कॉलेज में जरूर प्ले किया जाता है।

लकड़ी की काठी : बहुत ही मशहूर गाना है लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा, जो 1983 में आई 'मासूम' फिल्म का गाना है। जिसमें



उर्मिला मातोंडकर और जुगल हंसराज बाल किरदार में हैं। इस गाने को गौरी बापत, गुरप्रीत कौर और वनिता मिश्रा ने गाया है। आज भी ये गाना बच्चों के पसंदीदा गानों में से एक है।

जिद्दी पिद्दी : बच्चे एक होकर क्या नहीं कर सकते, इस गाने में यही दिखाया गया है। बहुत ही एंटरटेनिंग और इंस्पायरिंग मूवी थी ये। इस गाने में बच्चे अंडरवियर पहनकर एक मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन करते हैं जो उनके सोसायटी के पालतू कुत्ते को मारना चाहता है। जिसमें अरमान मलिक, अमित त्रिवेदी, तन्मय चौधरी, गौरिका राय ने अपनी आवाज दी है।

तारे जमीन पर: बच्चों पर आधारित बहुत ही खूबसूरत फिल्म है जिसमें आमिर खान लीड एक्टर थे। साल 2008 में आई इस फिल्म की टैग लाइन ही थी कि हर एक बच्चा खास होता है। शंकर महादेवन की आवाज में बहुत ही खूबसूरत गाना है तारे जमीन पर।

सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि देती है सीख भी

वो छह फिल्में जो बच्चों को सिखाती हैं जीवन का पाठ

नई दिल्ली। आज देशभर में बाल दिवस मनाया जा रहा है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को 'बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। हर कोई अलग-अलग अंदाज में इस खास दिन को सेलिब्रेट कर रहा है। मगर, सिनेमा का अपना अलग रंग होता है। यह सिर्फ मनोरंजन का ही जरिया नहीं, बल्कि आसपास के परिवेश की सीख भी यहां से मिलती है। यूं भी बच्चे देखकर बेहतर तरीके से समझते हैं। अगर आज के दिन बच्चों को कोई फिल्म दिखाने के बारे में सोच रहे हैं, तो ये फिल्में बेहतर विकल्प हो सकती हैं।



मासूम

वर्ष 1983 में आई यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब पसंद की गई। यह बच्चों से संबंधित भावुक कर देने वाले विषय पर आधारित है। यह गोद लिए बच्चों की समस्याओं पर बनी है। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी, सुप्रिया पाठक और जुगल हंसराज मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का मशहूर गाना 'लकड़ी की काठी' आज भी बच्चों को काफी पसंद आता है।



तारे जमीं पर

वर्ष 2007 में रिलीज हुई यह फिल्म सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि पेरेंट्स को भी जरूर देखनी चाहिए। अगर आपने अब तक न देखी हो तो आज अपने बच्चों के साथ बैठकर इस फिल्म को देख सकते हैं। आमिर खान अभिनीत इस फिल्म में दिखाया गया है कि हर बच्चा अपने आप में खास है। फिल्म के कुछ दृश्य आपको भावुक कर देंगे और आखिर में एक सीख देंगे।



आई एम कलाम

नीला माधब पांडा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भी दर्शकों की खूब तारीफ बटोरी। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम दर्ज कर चुकी है। बच्चों को प्रेरित करने के लिहाज से यह एक बेहतरीन फिल्म है। 2011 में आई इस फिल्म में ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो पढ़-लिखकर अपने परिवार के काम आना चाहता है।



स्टैनली का डब्बा

2011 में आई अमोल गुप्ते द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी आपका मनोरंजन करने के साथ आपकी आंखें भी नम करेगी। यह फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है, जो हमेशा अपने दोस्त का टिफिन खाता है, लेकिन कभी भी अपने लिए लंच नहीं लाता। आपका बच्चा तो इस फिल्म से खुद को जोड़ ही पाएगा, साथ ही आपको भी अपने पुराने दिनों की याद आ जाएगी।

फ्रोजेन

वर्ष 2013 में आई यह एक कार्टून मूवी है। यह फिल्म एल्सा और ऐना, दो बहनों पर आधारित है। वर्ष 2019 में आया इस फिल्म का दूसरा पार्ट 'फ्रोजेन 2' भी काफी दिलचस्प है। फिल्म में एल्सा की आवाज प्रियंका चोपड़ा ने दी है और ऐना की आवाज परिणीति चोपड़ा ने दी है।



चिल्लर पार्टी

बच्चों पर आधारित यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म है। नितेश तिवारी और विकास बहल ने मिलकर इसका निर्देशन किया। फिल्म में अनाथ बच्चों के एक ग्रुप को दिखाया गया है, जो अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हैं। इस फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। अगर आपको यह साबित करना है कि बच्चे किसी से कम नहीं होते तो आपको अपने बच्चे को यह फिल्म जरूर दिखानी चाहिए।

खबर संक्षेप

अब जिला चिकित्सालय में मिलेगी सोनोग्राफी की सुविधा



सक्ती। जिला चिकित्सालय सक्ती में अब विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अतिश प्रधान अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उनके जुड़ने से जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन का नियमित संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब मरीजों को सोनोग्राफी जैसी महत्वपूर्ण जांच के लिए निजी अस्पतालों अथवा जिले से बाहर जाने की परेशानी से काफी हद तक राहत मिलेगी। जिलेवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक की देखरेख में जांच की सुविधा जिला चिकित्सालय में ही उपलब्ध हो सकेगी। विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता से न केवल मरीजों को समय पर जांच एवं निदान में सुविधा मिलेगी, बल्कि जिला चिकित्सालय की जांच एवं उपचार संबंधी सेवाओं को भी नई मजबूती मिलेगी।

व्यापारी समिति के प्रयास से कैंसर पीड़िता के इलाज के लिए 2.94 लाख स्वीकृत

राहौद। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सोलहा तालाब पारा निवासी 31 वर्षीय उर्वशी कुर्रे के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 2 लाख 94 हजार 800 रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इस मदद से अब पीड़िता का बेहतर उपचार हो सकेगा। इसके लिए राहौद व्यापारी समिति ने पहल करते हुए शासन की योजना का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उर्वशी और उनके पति जगदीश सिंह कुर्रे आलू पराठे का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके लिए कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का महंगा इलाज कराना मुश्किल हो गया था। इसकी जानकारी व्यापारी सेवा से जुड़े सदस्य एवं बीमा अभिकर्ता कमल सिंह को मिली। उन्होंने व्यापारी समिति के आलोक अग्रवाल को पीड़िता की आर्थिक स्थिति और इलाज में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। इसके बाद समिति ने उपचार में सहयोग का बीड़ा उठाया।समिति एवं समाजसेवियों ने तत्काल 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई, ताकि दवाइयों और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा किया जा सके। साथ ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत इलाज की राशि स्वीकृत कराने के लिए प्रयास किया। समिति के प्रयासों से 4 नवंबर 2026 को 2,94,800 रुपए की स्वीकृति मिल गई। इससे अब आर्थिक तंगी के चलते इलाज के लिए संघर्ष कर रहे परिवार को बड़ी राहत मिली है।

दीवान मोहल्ला में गूंजेगी सीताराम-राधेश्याम की गूंज

बिर्रा। ग्राम पंचायत बिर्रा के दीवान मोहल्ला में धार्मिक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग एवं सहभागिता से यहां अखंड श्रीराम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ बुधवार 18 नवंबर से होगा। इसके साथ ही पूरे एक सप्ताह तक मोहल्ले में सीताराम-राधेश्याम के नाम का अखंड जाप गूंजता रहेगा और वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। आयोजन के दौरान श्रद्धालु नियमित रूप से राम नाम का संकीर्तन कर भगवान श्रीराम की आराधना करेंगे। आयोजन का समापन बुधवार 25 नवंबर को होगा। इसे लेकर दीवान मोहल्ला सहित पूरे गांव में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ते हैं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। सप्ताहभर चलने वाले इस राम नाम जप महायज्ञ को लेकर गांव में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है।

बाल दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

हर बच्चे को शिक्षा, न्याय और सुरक्षा का अधिकार : सिंह



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करती न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानी सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति सजग बनाने के उद्देश्य से 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर भगत सिंह पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति अकलतरा श्रीमती शिवानी सिंह ने विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारी दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज भारती ने की। मजिस्ट्रेट श्रीमती शिवानी सिंह ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं भयमुक्त वातावरण में जीवन जीने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सुरक्षा से जुड़े कानूनों की भी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने सरल एवं सहज भाषा में बच्चों को पॉक्सो एक्ट, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, गुड टच-बैड टच, साइबर अपराधों से बचाव तथा मोबाइल फोन के सदुपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार के अनुचित व्यवहार अथवा शोषण की स्थिति में चुप न रहने और बिना भय के अपने अभिभावकों एवं संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों को इसकी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में नैतिक शिक्षा, अच्छे संस्कार और अनुशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम को पंकज भारती एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रुचिका तिवारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने बाल अधिकारों के संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर श्रीपाल सिंह बैस, पीएलवी गजानंद प्रसाद कश्यप, पीएलवी डालेश्वर प्रसाद पटेल, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कुमारी गणेशिया केंवट ने किया।

काशीगढ़ में विधिक जागरूकता एवं बाल अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक



जैजैपुर। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार 14 नवंबर को साकेत विद्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय काशीगढ़ में बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल अधिकार मित्र द्वारा बच्चों को बाल दिवस के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बाल अधिकारों का संरक्षण तथा उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इस अवसर पर बच्चों को बाल विवाह निषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 किशोर न्याय अधिनियम एवं निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा योजनाओं, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। कार्यक्रम में बढ़ी प्रसाद चंद्रा संचालक साकेत निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय काशीगढ़ द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए नियमित रूप से विद्यालय जाने, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने तथा एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ-साथ जागरूकता बढ़ाना रहा।

बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



बाराद्वार। बाल दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय, नया बाराद्वार में बच्चों के सर्वांगीण विकास और उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न खेलकूद कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ऋषिकेश गुप्ता, व्याख्याता राजेश मनहर तथा एसएमसी सलाहकार सदस्य एवं शिक्षाविद दाताराम काटले ने बच्चों को संबोधित करते अपने प्रेरणादायी उद्बोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसी कड़ी में एसएमसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शिक्षकों के मार्गदर्शन में कार्य करने और सदैव अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि वर्ष भर विद्यार्थियों के अनुशासन, उपस्थिति और अन्य गतिविधियों का शिक्षकों द्वारा आकलन किया जाएगा, और इसके आधार पर वर्ष के अंत में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, पूर्व में आयोजित दीपावली उत्सव के दौरान रंगोली प्रतियोगिता, दीया सजाओ प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग से राशि एकत्रित कर विद्यार्थियों को पेन, पेंसिल, स्केल, रबर वितरित किए। कार्यक्रम में शिक्षकों के सहयोग से हिंदी माध्यम में गुपचुप, चना मिसचर स्टॉल लगवाया गया तथा अंग्रेजी माध्यम में विशेष सहभोज (भोजन) का आयोजन किया गया, जिसका सभी विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद लिया।

कृषक उन्नति योजना किसानों के लिए खुशियों की सौगात : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कृषक उन्नति योजना को किसानों के लिए खुशियों की सौगात बताते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश के लाखों किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

इंजीनियर रवि पाण्डेय ने जानकारी देते हुये बताया की कृषक उन्नति योजना के तहत अब किसानो को प्रति एकड़ निर्धारित 21 क्विंटल धान बेचने की अनिवार्यता से राहत मिलेगी। वहीं निर्धारित सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ में बची हुई धान की मात्रा पर कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की राशि बोनस के रूप में प्रदान की जाएगी। उन्होंने इस योजना को उदाहरण के माध्यम से समझाते हुए उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान के एक एकड़ खेत में डीएसएस (डिजिटल क्रॉप सर्वे) के अनुसार 21 क्विंटल धान दर्ज है और किसान केवल 15 क्विंटल धान बेचता है, तो उसे 2441 रुपये प्रति क्विंटल की दर से कुल 36,615 रुपये समर्थन मूल्य मिलेगा। वहीं शेष 6 क्विंटल धान पर 3100 रुपये और 2441 रुपये के बीच का अंतर यानी 659 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल 3,954 रुपये बोनस मिलेगा। इस प्रकार किसान को अपनी जरूरत के अनुसार धान बेचने की सुविधा के साथ शेष मात्रा पर भी आर्थिक सहायता का लाभ मिलेगा। इंजीनियर रवि पाण्डेय ने बताया कि योजना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि धान का विक्रय नहीं करने वाले किसान भी डीएसएस में दर्ज धान के रकबे और फसल के आधार पर सहायता राशि पाने के पात्र होंगे। इसके लिए किसान को शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा शपथ-पत्र में दी गई जानकारी का परीक्षण किया जाएगा। गलत जानकारी पाए जाने पर संबंधित किसान के विरुद्ध कार्रवाई का भी प्रावधान है। योजना के तहत अधिकतम आदान सहायता राशि 13,839 रुपये निर्धारित की गई है। इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कहा कि यह निर्णय किसानों के हित में एक सराहनीय कदम है।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

समीपस्थ ग्राम जोगीडिपा में 14 नवंबर से 21 नवंबर तक चलने वाले संगीतमय सार्वजनिक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को जांजगीर चाम्पा के विधायक व्यास कश्यप द्वारा व्यास

- जांजगीर-चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ

पीठ की पूजा कर फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में बहुत कुछ करने सोचने समझने की प्रेरणा मिलती है। हमें भागवत महापुराण का श्रवण ही नहीं करना है बल्कि उनमें कहीं गई बातों को भी अपने जीवन पर आत्मसात करना है। इस तरह के आयोजन से गांव का वातावरण भी शुद्ध और धार्मिक होता है जिससे आने वाली पीढ़ियां भी संस्कारी होती है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा एवं ग्राम





कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु एवं कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

की वरिष्ठ पूर्व एडिशनल कलेक्टर प्रमोद शर्मा ने भी अपनी बातें रखी। तत्पश्चाप भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें कीर्तन की धुन पर सैकड़ो महिलाओं ने सुसज्जित कलश के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया।व्यास पीठ पर विराजित बाल विदुषी प्रिया किशोरी निशा गोस्वामी ने सभी से पूरे सात दिवस तक भक्ति रस में डूब कर श्री कृष्ण की लीलाओं का आनंद लेने का आग्रह किया। शुभारंभ के अवसर पर लव तिवारी, राजवर्धन सिंह दिनेश थवाईत, जितेंद्र शर्मा,ललित नायक, योगेश्वर सिंह, रामायण पटेल, सुरेन्द्र यादव, भागीरथी पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में ग्राम वासी एवं महिलाएं उपस्थित थी।

एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन की अंतिम तिथि आज

जांजगीर-चांपा। आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ रविवार 15 नवंबर से होना है। शासन द्वारा किसानों के हित में एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल या रकबे में संशोधन की कार्यवाही 31 अक्टूबर से बढ़ाकर रविवार 15 नवंबर तक कर दी गई है, ताकि एक भी किसान भाई अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने से वंचित न रहे। इस संबंध में उप संचालक कृषि राकेश शर्मा ने बताया की शासन की योजना अनुसार एकीकृत किसान पोर्टल पर इस वर्ष धान के बदले अन्य कोई भी फसल का पंजीयन कराने पर किसानों को 15000 रूपये प्रति एकड़ एवं सामान्य फसल जैसे - दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी एवं कपास फसल का पंजीयन कराने पर उन्हें 10000 रूपये प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि शासन द्वारा प्रदाय की जाएगी।

सिउड में 10 लाख की लागत से बनेगी सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ग्राम पंचायत सिउड में ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए 10 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात उन्होंने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस सड़क का निर्माण संजय के घर से पुरुषोत्तम के घर की ओर किया जाएगा।इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और गांवों का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। सड़कें विकास की पहली सीढ़ी होती हैं। अच्छी रोड बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलती है और गांव के विकास को भी गति मिलती है। उन्होंने कहा कि गांवों में विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। ग्रामीणों की जरूरतों और मांगों के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जा रहा है।सीसी रोड निर्माण से गांव के संबंधित मोहल्ले के लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। विशेषकर बरसात के दिनों में कीचड़ और रास्ते की परेशानी से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विकास कार्य की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला पंचायत सभापति एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिउड के सरपंच नकुल राज, भैंसमुड़ी सरपंच विजय साहू, उपसरपंच संतोष राठौर, शिव राजू साहू, बजरंग साहू, कुरा साहू, मुकेश सूर्यवंशी, रामेश्वर सूर्यवंशी, खिखराम सूर्यवंशी, फेक राम सूर्यवंशी, पावर बाई, धनिता, लक्ष्मीन, श्याम विजय राठौर, प्रीतम राठौर, पुरुषोत्तम सूर्यवंशी, सुखीराम, राजेश राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

- जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू ने किया भूमिपूजन, ग्रामीणों ने जताया आभार

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही में विधि साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला व शास पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलादेही के प्रांगण में विधिक सेवा प्राधिकरण सुरक्षित बचपन अभियान का आयोजन किया गया जिसमें पैरालीगल वालेंटियर रमेश दिवाकर, सहदेव मंहत प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन प्रधान पाठक प्रीतम खुंटे शिक्षक फिरत केवट मुकुंद कश्यप रितेश कश्यप की उपस्थिति में हुआ। पैरालीगल वालेंटियर रमेश दिवाकर ने विघालय में सुरक्षित बचपन अभियान का सफल संचालन किया जा रहा है तथा सभी बच्चों को कानून अधिकारो के बारे में बताया कि बाल विवाह बाल निषेध अपने अपने अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी वहीं गुड़ टच और बेड़ टच के बारे में बताया कि बच्चों को कोई भी अनजाने में शरीर को टच करेगा तो बिना किसी झिझक के अपने माता पिता शिक्षक को जानकारी दे। वहीं पैरालीगल वालेंटियर सहदेव मंहत ने बच्चों को बहुत ही सुन्दर बच्चों को बताया कि बच्चों को इनके मौलिक अधिकार और अपने कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही बाल विवाह और बाल श्रमिक कानून के बारे में जानकारी दी गई। वहीं आनलाईन ठगी के बारे में बताया कि बच्चों को किसी भी को अपने ओटीपी के बारे में जानकारी नहीं दी जानी चाहिए अभी लोग साईबर ठगी के शिकार से बचें। कार्यक्रम में प्रधान पाठक लक्ष्मी देवांगन प्रधान पाठक प्रीतम खुंटे शिक्षक फिरत केवट मुकुंद कश्यप रितेश कश्यप रामेश्वर पटेल रूपेश के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

समाज के भविष्य को संवारने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सक्ती द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका सम्मान दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य आयुष शर्मा, श्रीमती जानकी चन्द्रा एवं सुश्री सुशीला सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों व आमजन की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने अपने उद्बोधन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की भूमिका को समाज के विकास मे महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने कार्यक्षेत्र के अनुभवों, चुनौतियों एवं विचारों को साझा किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों के अनुभव प्रस्तुत किए। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक समूह सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर बोदले द्वारा आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया।





